हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर, 2025

12 नशा मुक्ति टीम का अभियान के तहत किया जागरूक



12 स्कूल व स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



## खबर संक्षेप

### निशांत खैरेकां बने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष

**सिरसा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने निशांत खैरेकां को डबवाली जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली व संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ के मार्गदर्शन में यह नियुक्ति हुई हैं। निशांत जोसन ने विश्वास दिलाया कि वे युवाओं को पार्टी से जोडन्े और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### मासिक नेत्र जांच व चिकित्सा कैंप 14 को

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आगामी 14 सितम्बर को आंखों की जांच, पड़ताल एवं मोतिया बिंद के ऑप्रेशन और ब्लड शूगर जांच का 272वां निःशुल्क मासिक चिकित्सा कैंप लगाया जाएगा। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल व अध्यक्ष डॉ. आशीष खुराना ने बताया कि शिविर का शुभारंभ श्री रामहंस चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अमीर चावला द्वारा हनुमान जी की ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा।

### एचईएसएल की गवर्निंग बॉडी के चुनाव पांच को

**सिरसा।** हरियाणा एक्स सर्विस लीग के सिरसा गवर्निंग बॉडी के चुनाव आगामी 5 अक्तूबर को करवाए जाएंगे। चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए सूबेदार देवेंद्र कासनिया ने बताया कि चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया आगामी 28 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक चलेगी। एक अक्तूबर को स्क्रूटनी होगी। आगामी 3 अक्तूबर को नामाकंन वापस लिए जाएंगे। आगामी 4 अक्तूबर को उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। वहीं आगामी 5 अक्तूबर को मीरपुर कॉलोनी स्थित एचईएसएल भवन में चुनाव होगा।

### फतेहाबाद पुलिस ने अवैध असला सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस टीम ने अवैध हथियार सप्लायर आदर्श उर्फ आदी पुत्र मंगल सिंह, निवासी सोराखी, जिला हिसार को काबू किया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पूर्व में एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और संदिग्ध व्यवहार करते हुए पीछे मुड़ गया। संदेह के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान मायाबक्श पुत्र धर्मबीर, निवासी सोरखी, हांसी हाल निवासी विश्वास नगर, अग्रोहा के रूप में हुई।

## क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खराबे का क्लेम 15 तक होगा दर्ज

# सरकार की वेरिफिकेशन के बाद दिया जाएगा मुआवजा

**जिलेभर में बारिश से 1.30 लाख एकड़ में फसल नष्ट**

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

इस बार मानसून के अंतिम चरण में आई बरसात और ड्रेन टूटने से करीब एक लाख 30 हजार एकड़ में नरमा, ज्वार व धान की फसल नष्ट हो चुकी है। खराब हुई फसलें के दावे के लिए सरकार ने 15 सितम्बर तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला हुआ है। पोर्टल पर शुक्रवार तक 227 गांवों के 20 हजार किसानों ने 1 लाख 30 हजार एकड़ में फसल नुकसान का पंजीकरण करवाया है। क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 सितंबर तक खुला रहेगा। पोर्टल पर किसान अपने नुकसान से संबंधित डाटा स्वयं ही अपलोड कर सकते हैं। इससे जहां किसानों के खराबे का सही रिकॉर्ड दर्ज हो पाएगा, वहीं किसी पर किसान आरोप भी नहीं मढ़ पाएंगे कि उसका खराबा तो दो एकड़ था और दर्शाया एक एकड़ गया है। किसानों को 15 सितंबर तक पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके बाद राजस्व विभाग द्वारा वेरिफिकेशन किया जाएगा। जिसकी भी फसल खराब पाई जाएगी। सबसे पहले ग्रामीण लेवल कमेटी, उसके बाद तहसीलदार, कानूननो, फिर एसडीएम और अंत में डीसी द्वारा वेरिफिकेशन किया जाए। उसके बाद सरकार द्वारा घोषित राशि के तहत राहत पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिले में सबसे अधिक नुकसान भुना, भट्टू और बिश्नोई बेल्ट के गांव चिंदड़, बड़ोपल, कुम्हारिया, खाराखेड़ी, दहमन, नहला आदि गांवों के किसानों को अधिक बारिश आने की वजह से हुआ है। हालांकि किसानों का कहना है कि जिले के कई हिस्सों में भारी बरसात से भी नुकसान हुआ है। जिलेभर में इस खरीफ सीजन में किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 1 लाख 70 हजार एकड़ का रजिस्ट्रेशन किया है। जिसकी जांच पटवारियों द्वारा की जा रही है। भट्टू से गुजर रही हिसार घग्गर ड्रेन सेमं नाले मे एक साथ ज्यादा मात्रा में पानी आने से के कारण रामसरा, जांडवाला व दैयड़ आदि गांवों में हजारों एकड़ में नरमा की फसल नष्ट हो गई है। जिसके कारण 50 से अधिक गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। यह जलभराव बाढ़ के रूप में किसानों को नुकसान कर गया। यहां पर दो लोगों की जान भी गई। हालांकि अब धूप निकली है तो नरमे की फसल में ओर नुकसान की आशंका जताई जा रहा है।

**शुक्रवार तक 227 गांवों के 20 हजार किसानों ने 1 लाख 30 हजार एकड़ में फसल नुकसान का पंजीकरण करवाया**



फतेहाबाद। भूना शहर में हुआ जलभराव। फोटो: हरिभूमि



फतेहाबाद। भारी बरसात से गांव चिंदड़ में डूबी फसल। फोटो: हरिभूमि

### मोबाइल पर स्वयं करें क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण

ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करना बहुत ही आसान है। किसान इसके लिए अपने मोबाइल का प्रयोग कर सकते हैं। घर में अब बच्चे भी मोबाइल चलाते हैं। अगर आवेदन करने में स्वयं सक्षम नहीं हैं तो गांव में खुले सुविधा केंद्र या अटल सेवा केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। जहां पर खेत से संबंधित फोटो और खसरा व खतौनी आदि का नंबर सहित डिटेल देने पर वह अपलोड कर देगा। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम किसान की मौजूदगी में फसल की वेरिफिकेशन करेगी। दावा के तहत खराबा पाए जाने पर सरकार द्वारा घोषित किया गया मुआवजा किसानों को दिया जाएगा। इससे किसानों को होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी।

### भूना में पानी उतरा तो खराबे का दृश्य आया सामने

भूना शहर के आसपास व गांव सांचला, ढाणी गोपाल, दहमन, टिब्बी, डूल्ट, धारसूल, बुआन, बोस्ती व आसपास की करीब 20 ढाणियों में 12 दिन बाद अब पानी उतरने लगा है। इसके बाद अब फसलों के खराबा का दृश्य सामने आ रहा है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का डर सता रहा है। बता दें कि भूना में इस बार जिले में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। भूना में एक सप्ताह में 650 से ज्यादा पानी बरसा है। यहां पर जोहड़ की जगह पर कब्जा होने से पानी शहर में आ गया। जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते पानी की निकासी नहीं हो सकी, जिस कारण यहां ज्यादा नुकसान माना जा रहा है।

### डीसी ने किसानों से की अपील

डीसी डॉ विवेक भारती ने बताया कि जलस्तर तथा बारिश के कारण खेतों में हुए जलभराव से फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए हरियाणा सरकार द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टलखोला गया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी फसल को हुए नुकसान का पंजीकरण कर क्षतिपूर्ति का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रभावित किसानों तक सूचना समय पर पहुंचाने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए है। ताकि सभी प्रभावित किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकें। उन्होंने बताया कि प्रभावित किसान 15 सितंबर तक पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।



सिरसा। नशीली गोलियां व कैप्सूल के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक।

## सूदखोर पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# कार सवार युवक नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार

- गांव नुयियांवाली में नशे की ओवरडोज से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

पुलिस ने मेडिकल नशे पर प्रहार करते हुए जिले की कालांवाली मंडी क्षेत्र से कार सवार युवक को नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी स्टाफ डबवाली सूबे सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एएसआई गुरसेवक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान अनाज मंडी कालांवाली में मौजूद थी। नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक एक कार को रूकवाकर तलाशी ली गई तो कार चालक युवक के पास से नशे में प्रयुक्त होने वाले 4,800 गोलियां टेक्डोल व 900 कैप्सूल सिग्मा बरामद हुए। पुलिस टीम ने मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर सुनील मेहला को बुलाकर बरामद की गई गोलियां व कैप्सूल उनके हवाले कर दिए। आरोपी युवक की पहचान हैप्पी उर्फ गुरी निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ कालांवाली थाना में मामला दर्ज किया गया है। एएनसी स्टाफ प्रभारी ने बताया कि मेडिकल स्टोर की आड़ में दवाओं की कालाबाजारी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। डबवाली पुलिस द्वारा निरंतर मेडिकल एसोसिएशन एवं दवा विक्रेताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस का सहयोग करने को कहा जा रहा है ताकि दवा विक्रेता नशीली गोलियों को बिना किसी डाक्टरी सलाह एवं पर्ची के किसी को भी न दें।

### रतिया पुलिस ने एक युवक हिरासत में

रतिया। जिलेभर में सूदखोरो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर रतिया पुलिस ने अवैध सूदखोरी में संलिप्त एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। आरोपी को पूछताछ के बाद बीएनएसएस की धारा 172(2) के तहत डिटेन किया गया है। नारायण पुत्र गहना राम निवासी एम्प्लाइज कॉलोनी, रतिया अवैध रूप से ऊंचे ब्याज पर जरूरतमंद लोगों को धन उधार देता था और फिर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धमकी देकर जबरन वसूली करता था। शिकायतों की गंभीरता से जांच करने के उपरांत, थाना शहर रतिया पुलिस ने आरोपी को थाना बुलाकर पूछताछ की, और तथ्यात्मक आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे बीएनएसएस की धारा 172(2) के तहत हिरासत में ले लिया।

## नांगली में नुकसान का सांसद ने लिया जायजा



फतेहाबाद। गांव नांगली में बरसात से हुए नुकसान का जायजा लेते सांसद सुभाष बराला। फोटो: हरिभूमि

- किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गांव नांगली का दौरा कर हाल ही में हुई भारी वर्षा से हुए नुकसान का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खेतों और घरों में हुए नुकसान का अवलोकन किया और प्रभावित परिवारों से संवाद किया।

सांसद बराला ने गांव में पहुंचे तो ग्रामीणों एवं किसानों ने उन्हें अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने किसानों से उनकी फसलों के नुकसान के बारे में जानकारी ली और उन्हें विश्वास दिलाया कि सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है।

सांसद ने मौके पर ही प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में जहाँ जलभराव है उसकी शीघ्र निकासी, क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभागों को तालमेल बनाकर कार्य करना होगा।

### पोर्टल पर विवरण के बाद मिलेगा मुआवजा

*सांसद सुभाष बराला ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं प्रदेश में हुई भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और हर जिले में राहत कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान का विवरण दर्ज करने के बाद किसानों को उचित मुआवजा समय पर मिलेगा। सांसद बराला ने किसानों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के प्रभावित परिवारों को राहत और मदद पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।*

### सड़क दुर्घटना के आरोपी चालक को किया काबू

**फतेहाबाद।** सडक़ दुर्घटना में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चालक की पहचान प्रवीण पुत्र शमशेर निवासी भूथन खुर्द के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार पुत्र रामकुमार निवासी सुचान कोटली, जिला सिरसा ने थाना सदर फतेहाबाद में दी गई शिकायत में बताया कि 5 अगस्त को वह अपने साथी सुरेंद्र कुमार के साथ फरीदाबाद से गाड़ी खरीदकर लौट रहा था। रास्ते में गांव ढढुर के पास उनकी गाड़ी खराब हो गई। इसी दौरान उन्होंने सिरसा की ओर जा रही एक टाटा एस वाहन से लिफ्ट ली, जिसे आरोपी प्रवीण चला रहा था। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाया। बार-बार समझाने के बावजूद वह वाहन की रफ्तार कम नहीं कर रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे, जब वे गांव बडोपल के पास पहुंचे, तो आरोपी ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सडक़ किनारे खड़े एक पेड़ से टक्कर मार दी।

## होटलों व कैफों पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी







रतिया। होटलों व कैफो पर छापेमारी करती पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

- 35 युवक-युवतियां पूछताछ के लिए हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

सीएम फ्लाइंग की टीम ने शहर पुलिस को साथ लेकर शुक्रवार को बुढलाडा रोड पर बस स्टैंड के पीछे स्थित पालिका मार्केट में बने होटलों व कैफो पर छापेमारी की। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि इन कैफो पर अनैतिक कार्य हो रहे हैं। सूचना के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ एक साथ करीब 10 होटलों व कैफो पर छापामार कार्यवाही की। पुलिस की रेड की सूचना मिलते ही शहरभर के होटल व कैफे संचालकों में हडकंप मच गया। टीम ने इन होटलों व कैफलों में जांच की तो यहां 20 युवक और 15 युवतियों मिली जिन्हें पूछताछ के लिए शहर थाने ले जाया गया है। सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि शहर के बुढलाडा रोड बस स्टैंड के पीछे पालिका मार्केट में बने होटलों व कैफो में अनेक युवक और युवतियों का आवागमन चल रहा है। इस दौरान यहां अनैतिक कार्य भी किया जा रहे हैं।

### युवक-युवतियों की आईडी जांची

रतिया थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि कैफो के अंदर युवक युवतियां मिले है, लेकिन वो किसी भी आपत्तिजनक हालत में नहीं थे। वहां बैठे खाना आदि खा रहे थे। सभी की पहचान और आईडी की जांच की जा रही है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जिनकी पहचान सही पाई जाएगी उन्हें छोड़ दिया जाएगा, जबकि संदिग्ध लोगों पर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की छापेमारी आगे भी जारी रहेगी ताकि शहर में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## सिरसा से प्रतिभावान युवा राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे दमखम, 21 सितंबर से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं

# युवाओं को नशे से दूर कर खेलों से जोड़ना खेल महोत्सव का उद्देश्य

**युवाओं को खेलों में अवसर देने के लिए सांसद खेल महोत्सव शुरू करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों में युवा प्रतिभाओं को राष्ट्र व विश्व स्तर पर और अधिक अवसर प्रदान करने के लिए सांसद खेल महोत्सव को करवाए जाने की एक बड़ी पहल की है, जिसमें से देशभर की युवा प्रतिभाएं अपने परिवार व राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी। सांसद बराला ने शुक्रवार को सिरसा के पंचायत भवन में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग, खेल विभाग व पंचायत विभाग से जुड़े अधिकारियों, खेल गतिविधियों से जुड़ी संस्थाएं व कोच व शारीरिक शिक्षक मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सिरसा का खेलों के मामले में पहले भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। यहां सरदारा सिंह, सविता पूनिया जैसे हॉकी के बड़े खिलाड़ी राष्ट्र के लिए खेलते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद युवा महोत्सव को एक त्योहार की तरह



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

### 29 अगस्त से 20 सितंबर तक पंजीकरण

इस खेल में नौ सामुहिक गेम व छह व्यक्तिगत गेम में युवा अपना पंजीकरण करवा कर खेल सकते हैं, जो 29 अगस्त से शुरू होकर 20 सितंबर तक पंजीकरण किया जा सकता है, 21 सितंबर को पहली प्रतियोगिता शुरु हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सिरसा के युवा बड़ी प्रतिभावान और आत्मविश्वास से सुदृढ हैं, जो एक बार ठान लेते हैं तो उसे निर्धारित लक्ष्य तक लेकर जाते हैं। इस खेल महोत्सव में भी सिरसा लोकसभा का योगदान देश की सभी लोकसभाओं से ज्यादा होगा और यहां हुए गेम प्रधानमंत्री तक का ध्यान आकर्षित करेंगे। उन्होंने का कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने विश्व स्तर पर अलग पहचान बनाई है। एशियाई देशों की बात करें तो कई देशों में बड़े स्तर पर हालात बदल रहे हैं, लेकिन भारत ने एकजुटता के साथ काम किया और ऐसे में कोई भी ताकत, ना यहां की संस्कृति को मिटा सकती है और ना ही अस्तित्व पर खतरा पैदा कर सकती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प के साथ चल रहे हैं और इस लक्ष्य को हम हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिला प्रभारी वेद फूलां, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व विधायक मक्खन लाल सिंगला, प्रदेश संगठन सचिव सुरेंद्र आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष शीशपाल कंबोज, पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह राही, जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, अमन चोपड़ा, श्याम बजाज, हनुमान कुंडू आदि मौजूद थे।

### सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**सिरसा।** रानियां क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान गांव फिरोजपुर निवासी विक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम करवाया और फरार मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक विक्की अविवाहित था और तीनों भाईयों में सबसे बड़ा था। विक्की के पिता सतनाम की भी पहले मौत हो चुकी है। जांच अधिकारी एएसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि विक्की अपनी बाइक लेकर गांव से रानियां आ रहा था। रानियां की ओर से दूसरा बाइक सवार फिरोजपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में नहर के पास पहुंचने पर यह हादसा हो गया।



सिरसा। हिसार घग्गर ड्रेन का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

## एसडीएम ने किया हिसार घग्घर मल्टीपर्पज ड्रेन का निरीक्षण

**सिरसा।** सिरसा के एसडीएम राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को गांव चाहरवाला, तरकांवाली, शाहपुरिया और नाथूसरी कलां के साथ लगते हिसार-घग्घर मल्टीपर्पज ड्रेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ड्रेन की मौजूदा स्थिति, पानी के बहाव और तटबंधों की मजबूती का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेन के किनारों पर नियमित निगरानी रखी जाए और कहीं भी रिसाव या दरार दिखाई दे तो तुरंत मरम्मत का कार्य शुरू किया जाए। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह से सजग और तत्पर है। ड्रेन की सुरक्षा और क्षेत्र से तेजी से जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता होगी, वहां अतिरिक्त संसाधन और मशीनरी उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

रेगिस्तान में चलने वाले ऊंट की 3 पलकें होती हैं।

कबूतर के पंखों का वजन उनकी हड्डियों से अधिक होता है।

# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ़ॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

## प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# ‘परफ्यूजन टेक्नोलॉजी’ से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

**हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर**

### कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (Entrance Test) के आधार पर ही दाख़िला होता है।

### प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाख़िला



### यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।

### प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

### निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।



### यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

### इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों? :** भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका:** जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं:** बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे **#PunjabFloods**2025, **#StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं:** लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें:** दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ₹हम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, “विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।” आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें :** लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता:** आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### द सिरसा स्कूल के छात्रों ने जीता गोल्ड, ब्रॉज

**सिरसा।** फरीदाबाद में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में द सिरसा के स्कूल के होनहारों ने एक गोल्ड व एक ब्रांज मैडल पर कब्जा करते हुए स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। स्कूल प्रिंसीपल व निदेशिका मनीषा गोदारा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में द सिरसा स्कूल के ईशान शर्मा ने अंडर-17 में गोल्ड व विशेष मेहता ने अंडर-19 में ब्रांज मैडल जीतकर स्कूल को गौरवांवित किया है।

### फतेहाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**फतेहाबाद।** जिला व उपमंडल स्तर पर 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटान के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशानुसार प्रीजाइडिंग ऑफिसर व सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

### बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में टोहाना पुलिस ने एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में पहले से 8 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान योगेश कुमार पुत्र मुरारी लाल निवासी मकान नंबर 92, अग्रवाल धर्मशाला, उकलाना, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे चन्द्रभान चावला पुत्र मनीराम निवासी नजदीक देना बैंक, जमालपुर रोड, टोहाना ने थाना शहर टोहाना में शिकायत दी थी।

### हत्या मामले में एक ओर युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सुनियोजित हत्या के मामले में थाना भूना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान परवेश पुत्र भगत सिंह निवासी पारता के रूप में हुई है। इस केस में पहले ही 6 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपियों ने इस हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने की साजिश रची थी। डीएसपी ने बताया कि 19 अगस्त को हुई थी।

### हर रोज सैकड़ों स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं आते हैं बरसीन और फतेहाबाद

# रोडवेज जीएम से मिले माजरा के विद्यार्थी

**मिनी बस की बजाय बड़ी बस सुविधा मुहैया करवाने की रखी मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव माजरा के विद्यार्थियों ने बड़ी रोडवेज बस सुविधा मुहैया कराने के लिए हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक के नाम ट्रेफिक मैनेजर को ज्ञापन दिया। यह ज्ञापन जनवादी नौजवान सभा की ओर से माजरा गांव के विद्यार्थियों के द्वारा दिया गया। नौजवान सभा के जिला प्रधान पवन ने बताया कि हर रोज माजरा गांव से बरसीन स्कूल में और फतेहाबाद के कॉलेज और स्कूलों में पढने के लिए सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं आते हैं। इनमें बड़ी संख्या लड़कियों की है।

बरसीन के सरकारी स्कूल में ही पढने के लिए 50 से ऊपर विद्यार्थी आते हैं जिनमें से 40 के करीब लड़कियां हैं। इसके लिए सुबह 7:40 के करीब माजरा में रोडवेज बस आती है जोकि मिनी बस है। यह भी नियमित रूप से नहीं आती है। इसमें पहले से ही सवारी होती हैं और बहुत से विद्यार्थी बिना चढ़े रह जाते हैं। बच्चे 7:30 बस स्टैंड पर आकर खड़े होते हैं और कई बार 1 घंटे तक इंतजार करके वापस घर जाना पड़ता है लेकिन बस नहीं आती है।


**फतेहाबाद।** रोडवेज जीएम को ज्ञापन सौंपने जाते गांव माजरा के विद्यार्थी।

इसी तरह से दोपहर बाद 2:30 बजे फतेहाबाद से माजरा-भिरड़ाना का रूट है परंतु यह भी मिनी बस ही है। यह फतेहाबाद में बस स्टैंड से ही पूरी भर कर चलती है और जब बरसीन गांव में पहुंचती है तो वहां सरकारी स्कूल के कम से कम 40 से 50 बच्चे जिन में ज्यादातर लड़कियां होती हैं, इसमें चढने की कोशिश करते हैं। बहुत से बच्चे बिना चढ़े रह जाते हैं और काफी लड़कियों को लटक कर जाना पड़ता है। विद्यार्थियों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रही अनीता ने कहा कि उन्होंने जीएम को ज्ञापन देते हुए बताया है कि सुबह 7:40 पर माजरा से फतेहाबाद और शाम को 2:30 बजे फतेहाबाद से माजरा-भिरड़ाना रूट पर बड़ी रोडवेज बस भेजी जाए ताकि विद्यार्थियों को हर रोज आने वाली बड़ी परेशानी से बचा जा सके। इससे वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। क्योंकि छोटी बसें आने के कारण आधे विद्यार्थियों को वापस घर जाना पड़ता है इसके कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। और कई बार बस की खिड़की में लटक कर जाने आने से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने बताया कि इस बारे में हरियाणा रोडवेज के अधिकारियों को पहले भी दो-तीन बार अवगत करवाया जा चुका है लेकिन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

**समस्या हल न होने पर देंगे धरना**

विद्यार्थियों ने चेताया कि अगर सोमवार तक सुबह और शाम दोनों समय बड़ी बसें नहीं आती हैं और सही समय पर नियमित रूप से भी नहीं आती हैं तो विद्यार्थियों को जनरल मैनेजर हरियाणा रोडवेज के दफ्तर पर धरना देने को मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर माजरा गांव के अजय, प्रेम, मनप्रीत, प्रदीप, सागर, मनदीप सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सूरत में मनाया जाएगा जैनचार्य डॉ. शिव मुनि जी का 84वां जन्मोत्सव

**रानियां।** आचार्य सम्राट शिव मुनि महाराज का 84वां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से आगामी 18 सितंबर को शंखेश्वर जैन महातीर्थ, बलेश्वर (सूरत, गुजरात) में मनाया जाएगा। यह आयोजन श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली के तत्वावधान में शिवाचार्य जन्मोत्सव राष्ट्रीय आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जैन कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार नरेश जैन रानियां ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन करेंगे, जबकि विजय जैन स्वागताध्यक्ष तथा सुरेश लुणावत जैन समारोह के गौरव होंगे। देशभर से जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी व प्रतिनिधि इस भव्य आयोजन में उपस्थित रहेंगे। आचार्य सम्राट शिव मुनि का संपूर्ण जीवन वैराग्य, तप, आत्मज्ञान व ध्यान पर आधारित है। उन्होंने जैन धर्म के पोच महाव्रतों-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को जीवन में आत्मसात कर पूरी श्रमण परंपरा को दिशा दी है। उनके नेतृत्व में आज 1350 से अधिक साधु-साध्वियां धर्मप्रचार व संयम साधना में रत हैं। जन्मोत्सव अवसर पर आचार्य शिव मुनि जी महाराज के साथ-साथ प्रमुख मंत्री शिरिष मुनि जी महाराज, सहमंत्री शुभम मुनि, शमित मुनि, निशान्त मुनि, शाश्वत मुनि, शमेश मुनि, शुचित मुनि व शशान्त मुनि के मंगल दर्शन व प्रवचन भी होंगे। 16 सितंबर को राष्ट्रीय आत्म ध्यान प्रसार योजना के अंतर्गत सुबह 8 से 11 बजे तक 84 स्थानों पर ऑनलाइन ध्यान शिविर आयोजित होंगे।

■ देशभर से जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी रहेंगे मौजूद


**फतेहाबाद।** आश्रितों को सहायता राशि के पत्र सौंपते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

### टोहाना में भारी वर्षा से दो लोगों की मौत

# प्रभावित परिवारों को सरकार ने 4-4 लाख रुपये की दी राशि

**वर्षा के कारण गिरी थी घर की छत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपमंडल टोहाना क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण मकान क्षतिग्रस्त होने और उनके नीचे दबने से दो लोगों की दुखद मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवारों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि सरकार द्वारा स्वीकृत कर दी गई है। शुक्रवार को एसडीएम आकाश शर्मा ने गांव मघेड़ा और समैन में मृतकों के परिजनों को राहत राशि के रूप में चार-चार लाख रुपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों हुई तेज वर्षा के चलते दो परिवार गांव मघेड़ा निवासी पवन कुमार पुत्र गुरमेल सिंह तथा गांव समैण निवासी रणधीर पुत्र ज्ञानी राम की घर की छत गिरने से दबने के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी।

**प्रशासन हर समय में लोगों के साथ खड़ा**

एसडीएम आकाश शर्मा ने इस अवसर पर शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ा है। कठिन समय में पीड़ित परिवारों की सहायता करना हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की आपदा या आकस्मिक घटना में प्रभावित परिवारों को यथासंभव हर मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद प्रशासनिक कर्मचारियों द्वारा तत्काल मौके का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी, जिसके आधार पर राहत राशि शीघ्रता से स्वीकृत की गई।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में 9वीं व 11वीं में दाखिले के आवेदन आमंत्रित

**आवेदन वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक से करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में कक्षा 9वीं व 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश हेतु होने वाली प्रवेश परीक्षा-2026 के लिए निशुल्क ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। अभ्यर्थी अपने आवेदन 23 सितंबर तक ऑनलाइन जमा करवाएं। उपायुक्त एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के अध्यक्ष डॉ. विवेक भारती ने बताया कि पीएम श्री स्कूल जेएनवी खारा खेड़ी जिला में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा 9वीं व कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 7 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर दिए लिंक पर जाकर कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि कक्षा 9वीं के लिए केवल वे अभ्यर्थी पात्र हैं जो वास्तविक निवासी हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान उस जिले के सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा आठवीं में अध्ययन कर रहे हैं, जहां जेएनवी कार्यरत है तथा जिसमें वे प्रवेश चाहते हैं।

### दिव्यांग छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक व टॉप क्लास छात्रवृत्ति आवेदन शुरू

**फतेहाबाद।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक तथा टॉप क्लॉस छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया पोर्टल पर शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि इन तीनों छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत आवेदन करने वाले छात्रों के लिए पोर्टल ओपनिंग, स्टूडेंट लॉगिन, डिफेक्टिव आवेदन सत्यापन इत्यादि सहित अन्य आवश्यक तिथियों और पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी मंत्रालय पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां अध्ययनरत पात्र दिव्यांग छात्रों को समय पर आवेदन करवाने के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी योग्य विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### कविता ने यूजीसी नेट में हासिल की 53वीं रैंक

**सिरसा।** शिक्षा के क्षेत्र में सिरसा का नाम रोशन करते हुए गांव चौबुर्जा निवासी मा. मदन कड़वासरा की पुत्री कविता कड़वासरा ने सीएसआईआर यूजीसी नेट/जेआरफ परीक्षा में ऑल इंडिया 53वीं रैंक हासिल की है। कविता ने यह शानदार उपलब्धि लाइफ साइंस विषय में प्राप्त की, जिससे उनके परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। कविता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की और 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई जीपीएम स्कूल माधोसिंघाना से पूरी की। इसके बाद उन्होंने गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार से बीएससी और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में डिग्री हासिल की। कविता ने बताया कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है।

# एसडीएम ने श्री शिव भोले नंदीशाला व नपा डंपिंग प्वाइंट का किया निरीक्षण

**पशुओं के आश्रय स्थल की पक्की व्यवस्था करने के आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को सहनाल रोड़ पर बनी श्री शिव भोले नंदीशाला और जाखन दादी रोड़ पर नगरपालिका द्वारा बनाए डंपिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के लिए चलाई जा रही गतिविधियों और पशुओं को दिए जाने वाले चारे की स्थिति बारे नंदीशाला प्रबंधन कमेटी से जानकारी ली। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने पशुओं के बैठने के आश्रय स्थल का निरीक्षण कर गोवंश की बैठने की जगह पक्की करने, नंदिशाला में लाईटों की व्यवस्था करने और परिसर की साफ-सफाई करने व अन्य आवश्यक सुविधा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नंदीशाला में पशुओं की व्यवस्था के लिए सभी सुविधा उपलब्ध हो। श्री शिव भोले नंदिशाला में करीब 1450 पशु मौजूद है। इस दौरान एसडीएम ने ढाणी जाखन दादी में नगरपालिका द्वारा बनाए गए डंपिंग प्वाइंट का निरिक्षण किया। उन्होंने कचरा प्रबंध और सफाई व्यवस्था में सुधार करने और कचरा जमा होने की समस्या को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका ने मच्छर जनित बीमारियों व अन्य किटों के प्रकोप की रोकथाम के लिए शहर में फॉगिंग अभियान शुरू किया हुआ है। इस अवसर पर नंदिशाला प्रधान सरदार बलविंद्र सिंह, नगरपालिका एस. आई. ओंकार सिंह, सरदार राजेंद्र चहल, विकर सिंह आदि रहे।


**रतिया।** नंदीशाला का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

### सांसद सैलजा ने नालों और घग्गर के तटबंधों की अनदेखी पर जताई नाराजगी



**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर सिरसा संसदीय क्षेत्र में नहरी नालों की सफाई, घग्गर नदी के तटबंधों के मजबूतीकरण और अमृत योजना की लापरवाही को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस पर ध्यान दिया गया होता तो बाढ़ से इतना नुकसान नही होता और न ही जनहानि होती। सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को मीडिया को जारी प्रेस बयान में बताया कि सीएम को लिखे पत्र में मानसून शुरू होने से पहले मई और जून में उन्होंने नहरी नालों की नियमित सफाई और घग्गर नदी तटबंधों की मजबूतीकरण का आग्रह किया था। 30 जून तक संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी हुए थे, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। तीन जुलाई को सिरसा में हुई दिशा की बैठक में भी इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया था और अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद हाल ही में सिरसा, फतेहाबाद और जींद जिलों के बाढ़ प्रभावित गांवों के दौरे में यह स्पष्ट हुआ कि नहरी नालों और सीवरेज की समय पर सफाई न होने से फसलों और आवासीय क्षेत्रों को भारी नुकसान हुआ। सांसद ने कहा कि हिसार-घग्गर ट्रेन मार्ग के साथ लगते गांवों में हालात बेहद खराब हैं। दिनेश की ढाणी सहित कई गांवों में हजारों एकड़ फसल पानी में डूबकर नष्ट हो गई। यदि सरकार ने समय रहते प्रबंध किए होते तो किसानों को यह दिन नहीं देखना पड़ता। कुमारी सैलजा ने हरियाणा सरकार द्वारा घोषित मुआवजा राशि को किसानों के साथ मजाक करार दिया और कहा कि यह उनके घावों पर नमक छिडक़ने जैसा है।

### राजकीय कॉलेज में गठित हुई गणित सोसायटी


**सिरसा।** गणित सोसायटी की गठित कमेटी। *फोटो : हरिभूमि*

**सिरसा।** राजकीय महाविद्यालय सिरसा में शुक्रवार को गणित सोसायटी का गठन किया गया। इस सोसायटी का गठन छात्रों के साक्षात्कार के माध्यम से किया गया, जिसमें 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मयंक (बीएससी अंतिम वर्ष) को अध्यक्ष, पारुल को उपाध्यक्ष, राहुल (बीए अंतिम वर्ष) को सहसचिव और हिताशा (बीएससी द्वितीय वर्ष) को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है, जबकि कुसुम (बीएसए द्वितीय वर्ष) को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। निर्णायक मंडल में डॉ. बबलेश, शेर सिंह और डॉ. राजकुमार थे। इस सोसायटी के गठन का उद्देश्य छात्रों को गणित के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करना है। निर्णायकों ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह सोसायटी छात्रों के लिए एक मंच प्रदान करेगी जहां वे अपने गणितीय कौशल को विकसित कर सकेंगे और नए अवसरों का पता लगा सकेंगे।

### 'हम तो भरोसे श्री राधा महा रानी के' भजन पर झूमे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** राधाष्टमी के मौके पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भजन गायक टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने अपनी प्रस्तुति दी। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, हुडा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमन वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना की और सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद उन्होंने राधा नाम को महिमा का गुणगान किया। भारत टुटेजा ने अपने भजनों में बिन पिये नशा हो जाता है, राधा रानी हमारी सरकार, छोटी सी किशोरी मेरे आँगना में डोले रे, हम तो भरोसे श्री राधा महा रानी के' आदि भजनों के साथ सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। मंडल की प्रधान सुमन वर्मा ने भारत टूटेजा का आभार व्यक्त किया और आरती की और उसके बाद प्रसाद वितरण किया। सभी को बधाई दी और सभी ऐसे आयोजनों में शामिल हो।


**फतेहाबाद।** भजनों की अमृतवर्षा करते भारत टुटेजा। *फोटो : हरिभूमि*

### क्रेसंट स्कूल में फ्री डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन


**फतेहाबाद।** डॉक्टरों की टीम को सम्मानित करते क्रेसंट स्कूल प्रधानाचार्या रितु सिंधु।

**फतेहाबाद।** क्रेसंट पब्लिक स्कूल में फ्री डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन प्रधानाचार्या रितु सिंधु की अध्यक्षता में किया गया। विशेष तौर पर दांतो के डॉ. काजल बजाज ने स्कूल के तीसरी, चौथी और पांचवीं कक्षा के बच्चों के दांतो की चेकिंग की। उन्होंने बच्चों को दांत खराब कर देने वाली मीठी चीजों से बचने और चॉकलेट व टॉफी का कम सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हम रोजाना जिदगी में दिन में केवल एक बार ही ब्रश सुबह करते हैं, जबकि खाना खाने के बाद भी हमें ब्रश करना चाहिए, क्योंकि खाने के कुछ पदार्थ हमारे दांतो के बीच रह जाते हैं जिनका बाहर निकलना बेहद जरूरी होता है। अगर यह दांतों के बीच रह जाएंगे तो कीटाणु बनकर हमारे दांतों को खराब करेंगे। उन्होंने व्यक्ति के जीवन में दांत के महत्व बताए। दांत को व्यक्ति के पाचन क्रिया का अहम हिस्सा बताया। डॉ. काजल ने बच्चों को दवा पर्ची भी बनाकर दी। उन्होंने बताया कि यदि स्कूल का कोई बच्चा इस दवा पर्ची लेकर उनके क्लीनिक दंतवेदा दांतों का हस्पताल में ओपीडी फ्री मिलेगी तथा दवाई में भी छूट मिलेगी।

### हथियार लेकर महिला को धमकाने के मामले में तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां में एक महिला के मकान के गेट पर टक्कर मारकर उसके परिवार को धमकाने के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने नामजद आरोपी संदीप उर्फ बॉक्सर पुत्र धनराज निवासी गाडली को गिरफ्तार किया है। इस मामले में इससे पूर्व दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि यह मामला धर्मी देवी पत्नी विनोद कुमार निवासी भट्टूकलां द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत पर आधारित है। शिकायत में धर्मी देवी ने बताया कि 13 अगस्त की रात लगभग 9 बजे वह घर पर अकेली थी।

**यज्ञ** | यज्ञ से वातावरण शुद्ध, प्रदूषण समस्या का सहज समाधानः स्वामी दिनेशानंद

# भागवत कथा का समापन, 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन


**सिरसा।** कथा के समापन पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वामी दिनेशानंद महाराज ने कहा कि यज्ञ हिंदू संस्कृति की अनमोल देन है। आज विश्व के लिए प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है इसका समस्या का यज्ञ के द्वारा सहज ही हल किया जा सकता है। वे शुक्रवार को अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर अंतिम दिन 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वेद कहता है कि सर्व सुखों की प्राप्ति करनी है और स्वर्ग की प्राप्ति करनी है तो यज्ञ करो। यज्ञ सर्व सुखों का स्त्रोत है। स्वामी ने कहा कि जब यज्ञ कुंड में शुद्ध सामग्री, खांड-बूरा, देशी घी की आहूति दी जाती है तो कुंड से एक दिव्य धूंआं पैदा होता है। उन्होंने कहा कि हवनयज्ञ कुंड से फार्मिक एल्डीहाइड गैस पैदा होता है, यह गैस गेंहू, सरसों, चना आदि फसलों में घातक कृमियों, कीटाणुओं को नष्ट कर देती है।

**हवन से वातावरण होता है सुद्ध**

स्वामी दिनेशानंद ने कहा कि बादाम, किशमिश, काजू, अखरोट आदि पौष्टिक पदार्थ के मिश्रण से तैयार हवन सामग्री की आहुति हवन कुंड में डालने से एक विशेष प्रकार की ऊर्जा पैदा होती है, जो शरीर के छिद्रों के अंदर प्रवेश कर शरीर के अंद छुपे हुए घातक कीटाणुओं का नाश करती है और शरीर सुंदर स्वस्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि हवन कुंड में वेद मंत्रों द्वारा आहुति देने से दूर दूर तक वातावरण शुद्ध हो जाता है और वायु मंडल में फैले हुए दुर्गुणों, दुर्विचारों, दुर्भाओं को नष्ट कर सदगुणों का संचार करती है। उन्होंने कहा कि यदि देश-विदेशों में बड़े-बड़े यज्ञ किए जाए तो इससे प्रदूषण नष्ट हो जाएगा और यह समस्या सदा के लिए हल हो जाएगी। हवन यज्ञ के उपरांत श्रीमद भागवत की आरती की गई। बाद में भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

### आरपीएस स्कूल ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज मेडल


**महेंद्रगढ़।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की फुटबॉल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई, जहां विदेशों एवं देश से विभिन्न राज्यों व क्लस्टर की श्रेष्ठ टीम भाग लेने पहुंची थी। रोमांचक मुकाबलों के बीच आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से विद्यालय तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेता टीम और उनके कोच को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**सिरसा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया के मार्गदर्शन व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 सितंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

### जलभराव से शक्करमंदोरी में एलर्जी के रोगी बढ़े

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव शक्करमंदोरी के मैन चौक में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। टीम द्वारा 120 ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांचने के दौरान 15 लोगों के स्कीन एलर्जी व 15 लोगों में खून की कमी पाई गई। इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवाईयां उपलब्ध करवाई। इसी के साथ ही जलभराव वाले क्षेत्र में दवाई डाली गई। इससे पहले गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम में डा. सतीश कुमार, स्वास्थ्य वर्कर सुंदरी, रामकला, अनीता व कुलदीप ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत

**टोहाना।** शहर के रतिया रोड पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। फोन पर बात करते हुए लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने हरा चारा लेकर लौट रही महिला को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान प्रीति देवी के रूप में हुई है। वह दो बच्चों की मां थीं। उनके पति मेजर सिंह जूतों की दुकान पर काम करते हैं। परिजनों के मुताबिक, प्रीति देवी रोजाना की तरह घर के लिए हरा चारा लेकर लौट रही थीं।

### रमनदीप बने खो-खो एसोसिएशन के प्रधान

**सिरसा।** जिला सिरसा के खेलों से जुड़े गणमान्यजनों की शुक्रवार को एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें सिरसा खो-खो एसोसिएशन का गठन किया गया। हरियाणा खो-खो संघ के महासचिव महेंद्र कंबोज की देखरेख में सिरसा खो खो एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें रमनदीप को अध्यक्ष बनाया गया जबकि ऊषा रानी व सुखमंदर सिंह को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार बलवंत सिंह को महासचिव, चरणजीत सिंह व रमेश कुमार को सहसचिव व कृष्णलाल को कोषाध्यक्ष पद सौंपा गया।

### घर बैठे ऑनलाइन प्राप्त करें एनडीसी

**सिरसा।** सिरसा नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित अप्रूव्ड कॉलोनियों में एनडीसी प्राप्त करने की प्रक्रिया बेहद आसान और ऑनलाइन है। आम नागरिक एनडीसी पोर्टल के माध्यम से घर बैठे न केवल एनडीसी प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि वैध कॉलोनी से स्थित प्रॉपर्टी संबंधित जानकारी जैसे अप्रूव्ड-अनअप्रूव्ड कॉलोनी, प्रॉपर्टी क्षेत्रफल, प्रॉपर्टी फोटो, प्रॉपर्टी आईडी, मालिक का नाम, कालोनी मैप और बाउंड्री आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### मर्सी चांस परीक्षा 16 सितम्बर को

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने 16 सितंबर से स्पेशल एग्जाम करवाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही स्पेशल मर्सी चांस की परीक्षाएं भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा सम्बंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधार्थियों की मांग पर परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 14 सितंबर सायं पांच बजे तक की गई है। 2017 से पहले के विधार्थियों को ऑफलाइन फॉर्म भरना होगा तथा 2017 के बाद वाले विधार्थी ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजकुमार सलार ने यह जानकारी दी।

## पुलिस ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

# हंसा वाला, लल्लू वाल व घासवा में ड्रग के खिलाफ हुई नुक्कड़ सभाएं



**फतेहाबाद।** ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते एसआई सुंदर। *फोटो हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- टीम ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर गांव के हालत जाने
- नशे का शिकार लोगों की काउंसलिंग भी की गई

फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त समाज अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव हंसा वाला, लल्लू वाल और घासवा में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। गांव हंसा वाला और लल्लू वाल में टीम ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं व ग्रामीणों को शामिल कर नशे के खिलाफ सतर्कता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। टीम ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं भी नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करे। इन दोनों गांवों में अभियान के दौरान कोई भी ड्रग पीड़ित व्यक्ति चिन्हित नहीं किया गया।

इसके बाद टीम गांव घासवा पहुंची, जहां स्थानीय लोगों से संवाद व प्राथमिक जांच के दौरान 6 नशा पीड़ितों की पहचान की गई। टीम ने सभी पीड़ितों की काउंसलिंग की और उन्हें नशे से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही, उन्हें आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई, ताकि वे धीरे-धीरे इस लत से बाहर आकर सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

एसआई सुंदर ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य केवल अवैध नशा नेटवर्क को तोडऩा नहीं है, बल्कि नशे के शिकार लोगों को पुनः स्वस्थ व सम्मानजनक जीवन की ओर लौटाना भी है। इसलिए नशा मुक्ति टीमें गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद कर रही हैं और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता फैला रही हैं।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ऑनलाइन शपथ कार्यक्रम में सिरसा रहा प्रथम

**सिरसा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित ऑनलाइन शपथ कार्यक्रम में जिला सिरसा ने हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि गत 13 अगस्त को मनाई गई नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित ऑनलाइन शपथ कार्यक्रम में मिली। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान सरकार का बहुत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसमें सिरसा वासियों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लेते हुए सिरसा को पहले पायदान पर पहुंचाया और नशा मुक्त समाज के लिए सक्रिय भागीदारी के लिए कदम बढाया है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के योगदान की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि सिरसा की यह उपलब्धि आने वाले समय में पूरे प्रदेश और देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत साबित होगी और नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सिरसा जिले में व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की गईं। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत भवनों, खेल विभाग से जुड़े संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। इसके अलावा, सभी शपथ लेने वालों के नाम नशा मुक्त भारत अभियान की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकृत किए गए थे।जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जहां कुल 76001 नागरिकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इनमें से अकेले जिला सिरसा से 35 हजार नागरिकों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर नशा मुक्ति की शपथ ली, जो कि पूरे देश के किसी भी जिले से हुई सर्वाधिक भागीदारी रही। उन्होंने बताया कि गत दिवस हुई बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी व विभाग की एसीएस जी.अनुपमा ने भी जिला की सराहना की है।



**फतेहाबाद।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी। *फोटो हरिभूमि*

## फतेहाबाद ने नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- 23 हजार लोगों ने नशा खत्म करने की ली शपथ

फतेहाबाद जिले ने नशा मुक्ति के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अगस्त माह में आयोजित राष्ट्रीय नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम में जिले ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिले की इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह केवल एक विभाग की बात नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों से अपने विभाग से संबंधित सामुदायिक कार्यक्रमों, गतिविधियों में जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढ़िलौड़ ने बताया कि अगस्त माह में राष्ट्रीय स्तर पर नशा मुक्ति शपथ आयोजित की गई थी। इस कड़ी में 13 अगस्त को आयोजित नशे के विरुद्ध शपथ कार्यक्रम में 23000 लोगों के साथ फतेहाबाद जिले ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि नशा मुक्ति अभियान की जन भागीदारी और जिले के समुचित प्रयासों का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने फतेहाबाद में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के मौके पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई थी।

उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है। आगामी दिनों में और जागरूकता कार्यक्रम, स्कूली तथा सामुदायिक शिविर, तथा पुनर्वास से जुड़े प्रयास निरन्तर जारी रहेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढ़िलौड़ ने बताया कि फतेहाबाद जिले ने राज्य में दूसरी पोजिशन प्राप्त की है। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान सिरसा जिले को मिला है।

## उपायुक्त ने किया लघु सचिवालय के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम खंड की बिल्डिंग में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खजाना कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, डीआरओ कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, डीडीपीओ कार्यालय, डीआईओ कार्यालय सहित सभी अन्य विभागों के कार्यालय का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय की हाजिरी रजिस्टर की विस्तृत जांच की और कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति का जायजा लिया।



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय स्थित कार्यालयों का निरीक्षण करते उपायुक्त डॉ. विवेक

#### अनावश्यक पोस्टर हटाने के निर्देश

*उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लघु सचिवालय भवन में लगे अनावश्यक पोस्टर और होर्डिंग्स को तत्काल हटवा दिया जाए। उपायुक्त ने कहा कि लघु सचिवालय में कहीं भी गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए है कि वे इन दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें और नियमित अंतराल पर इसकी समीक्षा भी करते रहें। इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*

### मारपीट व अपहरण के प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार, केस

**रतिया।** मारपीट व अपहरण के प्रयास से संबंधित मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी देवेंद्र उर्फ रोकी उर्फ बच्ची पुत्र निशान सिंह निवासी भिरडाना को काबू किया है। इससे पूर्व इस मामले में 7 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी है। शिकायतकर्ता रोहित पुत्र अशोक कुमार निवासी जलोपुर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के अनुसार, उसकी बहन सरोज की शादी वर्ष 2016 में दीपक पुत्र हंसराज निवासी अहरवां के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दीपक द्वारा सरोज को लगातार मानसिक से परेशान किया जाता रहा। आपसी समझौते के बावजूद सरोज पिछले दो वर्षों से अपने मायके में रह रही थी।

## एसडीएम आकाश शर्मा के नेतृत्व में नगर परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

*सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग करने का आह्वान*

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को एसडीएम आकाश शर्मा ने नगरपरिषद टीम के साथ शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सफाई कर्मियों ने भी विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

एसडीएम आकाश शर्मा ने नगर परिषद टोहाना के अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में



जागरूक किया और सभी नागरिकों से अपने आसपास का वातावरण साफ-सुथरा रखने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से दुकानदारों, घरों के निवासियों तथा आमजन से कहा कि कचरा खुले में न फेंके और न ही नालियों में ठोस कचरा डालें। उन्होंने बताया कि गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग निपटान करने से शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### 50 रुपये कमाने के लालच में सीएससी सेंटर संचालक को हजारों का चूना

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ में 50 रुपये के लालच में एक सीएससी सैंटर संचालक हजारों रुपये गंवा बैठा। सैंटर पर आया एक युवक उससे 5 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर रफूचक्कर हो गया। इस बारे पीड़ित युवक ने साइबर हैल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में अब पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बीघड़ निवासी रोहताश कुमार ने कहा है कि वह गांव में ही सीएससी सैंटर पर काम करता है। 9 सितम्बर को वह तथा औमप्रकाश निवासी बीघड़ सीएससी सैंटर पर मौजूद थे। इसी दौरान एक अज्ञात युवक सीएससी सैंटर पर आया और कहा कि उसे 5 हजार रुपये बैंक खाते में डलवाने हैं। वह उसके खाते में 5 हजार रुपये डाल दें और वह 5050 रुपये नकद दे देगा। रोहताश ने कहा कि उसे भी उस दिन नकद पैसों की जरूरत थी और वह 50 रुपये कमाने के लालच में भी आ गया। इसके बाद उसने बैंक खाते में 5 हजार डालने की हां कर दी। रोहताश ने बताया कि इसके बाद उक्त युवक ने अपने मोबाइल में ही एक स्कैनर दिखाया। जिस पर स्कैन करके उसने अपने मोबाइल से 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने युवक से नकद पैसे मांगे तो वह कहने लगा तो वह पैसे घर पर भूल आया है। 10 मिनट में जाकर दे देता हूं। उसने करीब 30 मिनट युवक का इंतजार किया लेकिन युवक वापस नहीं आया तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। इस पर उसने इस बारे साइबर हैल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवाई।

## एएसपी ने जाखल बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में आज एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने डीएवी स्कूल, जाखल में महिला जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने जाखल बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने छात्राओं और शिक्षकों से बात करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के जरूरी टिप्स दिए और महिला हेल्पलाइन 1091, आपातकालीन नंबर 112 जैसी मददगार सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। जाखल स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते एएसपी दिव्यांशी सिंगला।

#### लोगों की समस्याएं सुनीं

*कार्यक्रम के बाद एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ जाखल बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।*

### गाली-गालौज व दुर्व्यवहार का आरोप

## नशे में धुत होकर महिला के घर में घुसा जींद पुलिस का एसपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुना

शहर की एक कॉलोनी निवासी अनुसूचित जाति की एक महिला ने पुलिस विभाग में कार्यरत एसपीओ पर घर में घुसकर गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिला ने भूना थाना में लिखित शिकायत दी है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार आरोपी एसपीओ महेश कुमार, जो जांडली कलां गांव का रहने वाला है और वर्तमान में जींद में एसपीओ के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार की दोपहर को शराब के नशे में धुत होकर उसके घर में घुस आया। इस दौरान उसने न सिर्फ गालियां दी, बल्कि धमकी देते हुए अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया और अपमानजनक व्यवहार किया। महिला ने बताया कि आरोपी अक्सर शराब के नशे में धुत रहता है और पुलिस में होने का धौंस दिखाकर कॉलोनी के अन्य लोगों को भी डराता-धमकाता है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी का व्यवहार पिछले काफी समय से कॉलोनीवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। कई बार उसने सार्वजनिक स्थानों पर भी शराब के नशे में हंगामा किया है, लेकिन पुलिस विभाग कारण लोग शिकायत नहीं करते।

## साइबर ठगी : विदेश गए दोस्त की मदद के नाम पर युवक से 4.55 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

*साइबर ठगी : पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू*

विदेश गए दोस्त की मदद के नाम पर साइबर ठगों ने टोहाना के एक युवक को अपने जाल में फंसा लिया। साइबर ठगों ने उसके दोस्त की फेसबुक आईडी हैक कर उक्त युवक से 4 लाख 55 हजार रुपये हड़प गए। जब युवक को अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दमकौरा निवासी भगतसिंह ने कहा है कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उसका दोस्त जगदीप निवासी दमकौरा पिछले 2-3 साल से अमेरिका में रह रहा है। 14 जुलाई को जगदीप की फेसबुक आईडी से उसकी फेसबुक आईडी पर मैसेज आया जिसमें लिखा था कि उसक यूएसए वीजा की वैधता बढ़वाने की आज अंतिम तिथि है और उसके लिए उसे पैसों की जरूरत है। एक दिन के लिए उसे कुछ उधार पैसे चाहिए। उसने उसे दो व्हाटसएप नंबर भी दिए। जब उसने उक्त व्हाटसएप नंबर पर कॉल की जो उसने कहा कि आज ही पैमेंट डाली है नहीं तो जगदीप को जेल हो जाएगी। उसने उसे एक खाता नंबर भी दिया। भगत सिंह ने कहा कि उसने उसे दिन उनके द्वारा दिए गए पंजाब नेशनल बैंक के खाता में 2 लाख 5 हजार रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद उसके व्हाटसएप नंबर पर एक क्यूआर कोड भेजा और 50 हजार रुपये डालने के लिए कहा। इस पर उसने 50 हजार रुपये भी ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद उसके पास एक ओर क्यूआर कोड भेजा और 3 लाख 80 हजार रुपये की मांग की लेकिन उसके पास इतने रुपये नहीं थे।

### एसडीएम अर्पित संगल ने किया देसूजोधा का दौरा

# स्कूल व स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

एसएम अर्पित संगल ने शुक्रवार को देसूजोधा गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का निरीक्षण किया। एसडीएम ने विद्यालयों में शिक्षण व विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड-डे-मील तथा स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और पढ़ाई के स्तर को बेहतर बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही विद्यालय परिसर में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर बल दिया। स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारियों से दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता व अन्य जानकारी प्राप्त की।



**सिरसा।** व्यवस्थाओं की जानकारी लेते एसडीएम।

#### बोले- लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा

*इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी और भरोसा दिलाया कि संबंधित विभागों से तालमेल कर जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना है ताकि गांवों के लोग बेहतर सुविधाओं मिल सके।*